241 स्नातकों को मिली उपाधियां, खुशी से खिले चेहरे

जागरण सिटी रिपोर्टर। योजना एवं वास्तुकला विद्यालय (एसपीए) भोपाल का 10वां दीक्षांत समारोह कैंपस में शनिवार को आयोजित किया गया। डॉ. सच्चिदानंद जोशी, सदस्य सचिव, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आईजीएनसीए), नई दिल्ली के कार्यकारी और शैक्षिक प्रमुख इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। प्रो. डॉ. हाकम दान चारण अध्यक्ष, बोर्ड ऑफ गवर्नर्स ने स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी छात्रों को डिग्री प्रदान करने के लिए दीक्षांत समारोह के प्रारंभ की घोषणा की। निदेशक प्रो. कैलासा राव एम ने विगत वर्ष में हुई एसपीए भोपाल की गतिविधियों और उपलब्धियों की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने छात्रों के पिछले वर्ष के दौरान राष्ट्रीय स्तर पर अंतर-संस्थान स्तर के कार्यक्रमों में भाग लेकर पुरस्कार प्राप्त करने एवं राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में भी पेपर प्रस्तुत किए जाने के साथ अंतर्राष्ट्रीय निबंध प्रतियोगिताओं में पदक प्राप्त करने के बारे में अवगत करवाया।

इस अवसर पर 241 स्नातकों (80 स्नातक, 156 परास्नातक, 5 पीएचडी) को उपाधियां, प्रमाण पत्र और पदक प्रदान किए गए। इस अवसर पर पिछले शैक्षणिक वर्ष (2022-23) के दौरान विभागों एवं विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए चयनित शैक्षणिक कार्यों की प्रदर्शनी आयोजित की गई। प्रदर्शनी में स्टूडियो कार्य, पोस्टर और डिजाइन शामिल हैं।